

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस

PATWAR

HIGH COURT

रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF

BANK

SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS

शिक्षक
I st ग्रेड

REET
I, II Level



# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

19 September 2022

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 19 सितंबर का इतिहास

- **1893 :** स्वामी विवेकानंद ने शिकागो (अमेरिका) के विश्व धर्म संसद में ऐतिहासिक भाषण दिया।
- **1755 :** ब्रिटेन और रूस के बीच सैन्य संधि हुई।
- **1581 :** सिक्खों के चौथे गुरु सिख गुरु रामदास का निधन हुआ।
- **1962 :** भारत की उत्तरी सीमा पर चीन द्वारा आक्रमण किया।
- **1996 :** ग्वाटेमाला और वामपंथी विद्रोहियों की सरकार ने लंबे समय से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए एक शांति संधि पर हस्ताक्षर किए।

## 19 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी का फिर से भारत का अटॉर्नी जनरल बनना तय है। वह 1 अक्टूबर से देश के सबसे बड़े कानून अधिकारी रूप में अपना दूसरा कार्यकाल शुरू करने वाले हैं। मौजूदा अटॉर्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल का कार्यकाल 30 सितंबर 2022 को समाप्त हो रहा है। 91 वर्षीय वेगुगोपाल को 30 जून 2017 को देश के टॉप लॉ अफसर के रूप में नियुक्त किया गया था। रोहतगी अटॉर्नी जनरल के रूप में अपना दूसरा कार्यकाल 1 अक्टूबर से शुरू करेंगे। वह अडिशनल सॉलिसिटर जनरल भी रह चुके है।
- एचडीएफसी बैंक एनईएसएल के साथ साझेदारी में इलेक्ट्रिक बैंक गारंटी (ई-बीजी) जारी करने वाला भारत का पहला बैंक बन गया है। (ई-बीजी) नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड पोर्टल पर एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस आधारित डिजिटल कार्यप्रवाह के माध यम से जारी किया जाएगा। ई-बीजी को एनईएसएल केंद्रीय सतर्कता आयोग-केंद्रीय जांच ब्यूरो समिति और भारतीय बैंक संघ के परामर्श से विकसित किया गया है।
- गुजरात सरकार ने वेदांता और फॉक्सकॉन ग्रुप के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता जिससे गुजरात में 1.54 लाख करोड़ रूपये का निवेश होगा। यह समझौता आत्मनिर्भर भारत और सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।
- फ्लिपकार्ट के पूर्व फाउंडर सचिन बंसल की अगुवाई वाली नवी टेक्नोलॉजीज की शेयर बाजार में लिस्टिंग की राह आसान हो गई है। नवी टेक्नोलॉजीज जल्द 3350 करोड़ रूपये क आईपीओ लेकर आएगी। शेयर बाजार के रेग्युलेटर सेबी ने नवी टेक्नोलॉजीज को आईपीओ लाने की मंजूरी दे दी है।
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद एलीट पैनल के पूर्व अंपायर पाकिस्तान के असद रऊफ का कार्डियक अरेस्ट के चलते निधन हो गया। लाहौर में 12 मई 1956 को जन्में असद रऊफ ने अपने करियर में 64 टेस्ट मैच में अंपायरिंग की।
- पूर्व डच फील्ड हॉकी खिलाड़ी और पूर्व भारतीय महिला हॉकी कोच, सोजर्ड मारिन ने विल पावरः द इनसाइड स्टोरी ऑफ द इनक्रेडिबल टर्नअराउंड इन इंडियन वूमेन हॉकी नामक एक नई पुस्तक लिखी। हार्पर कॉलिन्स पब्लिशर्स इंडिया द्वारा प्रकाशित पुस्तक को सितंबर 2022 में लॉन्च किया जाएगा।
- जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने वॉटर हीरोजः शेयर यूअर स्टोरीज कंटेस्ट प्रतियोगिता का आरंभ किया है। उल्लेखनीय है कि तीसरी प्रतियोगिता को माय-गांव पोर्टल पर 1 दिसंबर 2021 को शुरू किया गया था, जिसका समापन 30 नवंबर 2022 को होगा। इसके पूर्व दूसरी प्रतियोगिता 19 सितंबर 2020 से शुरू होकर 31 अगस्त 2021 को समाप्त हो गई थी। प्रतियोगिता का लक्ष्य आमतौर पर जल के मूल्य को प्रोत्साहित करना तथा जल संरक्षण और जल स्त्रोतों के सतत विकास के लिए किए जाने वाले देशव्यापी प्रयासों का समर्थन करना है।
- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय ने स्टार्टअप हब ने मेटा के सहयोग से पूरे भारत में एक्सआर प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को विकसित करने एवं उसे गति प्रदान करने हेतु एक संयुक्त कार्यक्रम लॉन्च करने जा रहा है। यह कार्यक्रम भविष्य की प्रौद्योगिकियों में कुशलता बढ़ाने एवं ऐसी प्रौद्योगिकियों के विकास के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है। एक्सआर प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को बढ़ावा देने से देश के डेवलपर्स, नवाचार में रूचि रखने वाले युवा इसकी मदद से अपनी प्रतिभा को और निखार सकते है। इस तरह की पहलों का उद्देश्य मुख्य रूप से जीतंत प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है।
- लेखक पी.सी. बालासुब्रमण्यम ने अंग्रेजी में एक नई किताब रजनी के मंत्रः लाइफ लेसन्स फ्रॉम इंडियाज मोस्टलव्ड सुपरस्टार लिखी। यह जैको पब्लिशिंग हाउस द्वारा प्रकाशि किया गया था। यह साल 2010 में उनकी पहली पुस्तक रंजनी पंचतंत्र के बाद लिखी गई थी।
- ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद ब्रिटेन के शाही परिवार के महत्वपूर्ण पदों पर नए सिरे ताजपोशी की गई है। महारानी एलिजाबेथ के बड़े बेटे प्रिंस चार्ल्स अब नए किंग बन गए हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान के लिए देशव्यापी मेगा अभियान 'रक्तदान अमृत महोत्सव' का आयोजन कब से कब तक किया जा रहा है ?**

(A) 16 से 28 सितंबर 2022
(B) 17 सितंबर से 1 अक्टूबर 2022
(C) 20 सितंबर से 5 अक्टूबर 2022
(D) 2 से 18 अक्टूबर 2022

**(B)** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान के लिए देशव्यापी मेगा अभियान रक्तदान अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 17 सितंबर से 1 अक्टूबर 2022 तक किया जाएगा। 17 सितंबर को आयोजित मेगा ब्लड डोनेशन कैंप के तहत स्वैच्छिक रक्तदान के जरिये एक दिन में करीब एक लाख यूनिट रक्त एकत्र करने का लक्ष्य है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदाताओं का एक कोष तैयार कर जरूरतमंदों की समय से मदद सुनिश्चित करना है।



**2. हाल ही में भारत के किस राज्य में भारत का पहला वानिकी विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा ?**

(A) तेलंगाना (B) उत्तरप्रदेश
(C) हरियाणा (D) मध्यप्रदेश

**(A)** तेलंगाना ने हैदराबाद में वन कॉलेज और अनुसंधान संस्थान को एक पूर्ण विश्वविद्यालय में विस्तारित करने का निर्णय लिया है। तेलंगाना विधानसभा ने वानिकी विश्वविद्यालय अधिनियम 2022 को मंजूरी दे दी है। वानिकी विश्वविद्यालय देश में अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय होगा। विश्व स्तर पर रूस और चीन में वन विश्वविद्यालय होने के बाद यह तीसरा वानिकी विश्वविद्यालय होगा।



**3. 5 लाख करोड़ मार्केट कैप पार करने वाला देश का तीसरा बैंक कौन बना ?**

(A) भारतीय रिजर्व बैंक (B) आईसीआईसीआई बैंक
(C) भारतीय स्टेट बैंक (D) बैंक ऑफ बड़ौदस

**(C)** भारतीय स्टेट बैंक 5 लाख करोड़ मार्केट कैप पार करने वाला देश का तीसरा बैंक बना। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 52 हफ्ते की नई ऊंचाई 574.75 रूपये के भाव पर पहुंच गया। इसके साथ बैंक का मार्केट कैप 5 लाख करोड़ के मार्केट कैप क्लब में पहुंचाने वाला भारतीय स्टेट बैंक देश का तीसरा बैंक है।




**4. ट्विटर पर 50 मिलियन फॉलोअर्स वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर कौन बने है ?**

(A) विराट कोहली (भारत) (B) बाबर आजम (पाकिस्तान)
(C) स्टीव स्मिथ (ऑस्ट्रेलिया) (D) जो रूट (इंग्लैंड)

**(A)** भारती टीम के स्टार क्रिकेटर और पूर्व कप्तान विराट कोहली ट्विटर पर 50 मिलियन फॉलोअर्स वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर बन गए है। विराट कोहली के ट्विटर के अलावा इंस्टाग्राम पर 211 मिलियन फॉलोअर्स और फेसबुक पर भी 49 मिलियन फॉलोअर्स शामिल है।




**5. हाल ही में किस देश ने टुकड़ा चावल के निर्यात पर रोक लगाई ?**

(A) जापान (B) अमेरिका
(C) नेपाल (D) भारत

**(D)** हाल ही में भारत ने टुकड़ा चावल के निर्यात पर रोक लगाई। इस प्रतिबंध से एशिया में चावल का व्यापार लगभग ठप पड़ गया है। क्योंकि भारतीय व्यापारी अब नए समझौतों पर दस्तखत नही कर रहे हैं। नतीजतन खरीददार वियतनाम, थाईलैंड और म्यांमार से विकल्प खोज रहे है।



**6. उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में औद्योगिक निवेश आकर्षित करने वाले राज्यों की सूची में कौनसा राज्य शीर्ष स्थान पर रहा है ?**

(A) आंध्रप्रदेश (B) गुजरात

(C) महाराष्ट्र (D) तमिलनाडु

**(A)** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा रिपोर्ट के अनुसार भारत का वास्तविक औद्योगिक निवेश साल के पहले 7 महीनों में 1,71,285 करोड़ रहा है। इसमें सबसे ज्यादा पैसा (40,361 करोड़ रूपये) आंध्रप्रदेश को मिला है।




**7. कुटुमसर गुफाएं किस राज्य में स्थित है ?**

(A) महाराष्ट्र (B) छत्तीसगढ़

(C) कर्नाटक (D) मणिपुर

**(B)** कुटुमसर गुफाएं छत्तीसगढ़ के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। यह गुफाएं स्टैलेक्टाइट्स और स्टैलेग्माइट्स की शानदार संरचनाओं को प्रदर्शित करती है। यह जमीन के स्तर से 35 मीटर नीचे स्थित है। यह संभवतः दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी गुफा है जो प्राकृतिक रूप से बनी है।




**8. विल पावरः द इनसाइड स्टोरी ऑफ द इनक्रेडिबल टर्नअराउंड इन इंडियन वूमेन हॉकी नामक पुस्तक को किसने लिखा है ?**

(A) सौरव गांगुली (B) रवि शास्त्री

(C) सोजर्ड मारिजने (D) ग्रेग चैपल

**(C)** पूर्व डच फील्ड हॉकी खिलाड़ी और पूर्व भारतीय महिला हॉकी कोच, सोजर्ड मारिन ने विल पावरः द इनसाइड स्टोरी ऑफ द इनक्रेडिबल टर्नअराउंड इन इंडियन वूमेन हॉकी नामक एक नई पुस्तक लिखी। इस पुस्तक को हार्पर कॉलिन्स पब्लिशर्स इंडिया द्वारा प्रकाशित किया गया है।




**9. विनेश फोगाट ने सर्बिया में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कौनसा पदक जीता ?**

(A) कांस्य पदक (B) रजत पदक

(C) स्वर्ण पदक (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** विनेश फोगाट ने सर्बिया में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। विनेश फोगाट 53 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतने के बाद विश्व चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी। उन्होंने स्वीडन की मौजूदा यूरोपीय चैंपियन एम्मा मालमग्रेन को हराया।




**10. 74वें प्राइमटाइप Emmy अवॉर्ड्स 2022 में ड्रामा सरीरीज की कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार किसने जीता है ?**

(A) विल स्मिथ (B) जैन कैंपियन

(C) ली जंग-जे (D) ट्रॉय कोटसर

**(C)** दक्षिण कोरिया के अभिनेता ली जंग-जे ने कोरियन ड्रामा सीरीज 'स्क्विड गेम' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता है। 74वें प्राइमटाइप Emmy अवॉर्ड्स 2022 का आयोजन लॉस एंजेलिस के माइक्रोसॉफ्ट थिएटर में किया गया है। जिस तरह फिल्मों के लिये ऑस्कर अवॉर्ड दिये जाते हैं उसी तरह यह टेलीविजन इंडस्ट्री का प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज